**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# शहर को स्वच्छ रखना हर नागरिक का दायित्वः अनिता ममगाई

**स्वच्छता अभियान**

## त्योहारों के निपटने के बाद महापौर की अगुवाई में निगम ने चलाया महा सफाई अभियान



**संवाददाता**

ऋषिकेश। दीपोत्सव पर्व निपटने के पश्चात नगर निगम ने शहर में सफाई अभियान चलाया गया। बुधवार की सुबह नगर निगम महापौर अनीता ममगाईं की अगुवाई में निगम की तमाम स्वच्छता टीम शहर के बाजारों सहित निगम के क्षेत्रों में उतरी और स्वच्छता अभियान चलाया गया।

तीर्थ नगरी में स्वच्छता अभियान को लेकर नगर निगम का मिशन जारी है। दीपावली पर्व निपटने के बाद नगर निगम प्रशासन ने तमाम निगम क्षेत्रों में एक साथ महासभा सफाई अभियान शुरू किया। जिसके तहत जगह–जगह बिखरे पड़े कूड़े–करकट को एकत्रित कर उनका निस्तारण कराया गया।अभियान की बागडोर महापौर एवं नगर आयुक्त द्वारा खुद संभालता देख शहर के व्यापारी एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग भी अभियान में शामिल हो गए। अभियान की जानकारी देते हुए महापौर ने बताया कि त्योहारों के बाद सफाई व्यवस्था में पटरी से उतर रही थी। जिसे दूर करने के लिये स्वच्छता टीमों को शहर के बाजारों व निगम क्षेत्रों में उतारा गया था।

अभियान के दौरान जगह–जगह लगे कूड़े के ढेर का निस्तारण कराया गया। उन्होंने शहरवासियों से भी तीर्थ नगरी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निगम प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे अभियान में सहयोग की अपील की।

अभियान के दौरान नगर आयुक्त नरेंद्र सिंह क्वीरियाल, सहायक नगर आयुक्त एलम दास, रीना शर्मा, अजीत गोल्डी, संदीप गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार मंडल सुभाष कोहली, जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल नरेश अग्रवाल, जिला महामंत्री पवन शर्मा,युवा व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष प्रतीक कालिया,नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष संजय व्यास, हितेंद्र पंवार, पंकज शर्मा, नितिन गुप्ता आदि शामिल थे।

## न्यूज डायरी

### रेलवे ओवरब्रिज का सरिया चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**संवाददाता** हरिद्वार। निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का सरिया चोरी करने वाले दो आरोपियों को ज्वालापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी किया गया सरिये बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित ध ााराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराने के पश्चात न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उनको जेल भेज दिया। कोतवाली ज्वालापुर प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि सेम इंडिया कंपनी के सिक्योरिटी ऑफिसर सुलखान सिंह ढिल्लो पुत्र जग सिंह ने ज्वालापुर में तहरीर देते हुए शिकायत की थी कि लाल पुल के पास निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का सरिया अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी।

### यमुना की स्वच्छता के लिए जनजागरण अभियान मार्च 2021 से चलाया जायेगा

**संवाददाता** देहरादून। श्री माथुर चतुर्वेद परिषद मथुरा एवं पंच पन्डा समिति यमुनोत्री धाम के सहयोग से युवा उद्योगपति एवं समाजसेवी रंजीत महेश पाठक के द्वारा लोगों में यमुना की स्वच्छता के लिए जनजागरण अभियान मार्च 2021 से चलाया जायेगा। उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए युवा उद्योगपति एवं समाजसेवी रंजीत महेश पाठक ने कहा है कि आगामी मार्च 2021 में कलश को लेकर यमुना के खरसाली खुशीमठ शीतकालीन मंदिर से पदयात्रा आरंभ की और विभिन्न स्थानों से होते हुए 18 अप्रैल को यमुना छठ यानि जन्म माहोत्स के पर्व पर मांग युना के निर्मल स्वरूप की पुण्य तीर्थ विश्राम घाट मथुरा आकर मांग यमुना में अर्पण किया जायेगा।

### अंतरराष्ट्रीय आई.सी.एस चित्रकला प्रतियोगिता के अनोखे रंगों में रंगा दून

**संवाददाता** देहरादून। उमंग और उत्साह को फैलाते हुए देश विदेश के १२६ विद्यालयों ने इंस्टिट्यूट फॉर कैरियर स्टडीज (आई.सी.एस) के अंतर्राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता 2020 में भाग लिया। देहरादून से भी कई सारे छात्रों ने हिस्सा लिया ५०० से अधिक छात्रों द्वारा बनाये गए अनोखे चित्रों ने आई.सी.एस के कैंपस की सुंदरता को और निखार दिया इस वर्ष की प्रतियोगिता का विषय जॉन कीट्स की प्रसिद्ध रचना ए थिंग ऑफ ब्यूटी इज ए जॉय फॉरएवर थी। आईसीएस की संस्थापिका निदेशिका प्रसिद्ध शिक्षाविद और कैरियर मार्गदर्शक डॉ अमृता दास ने कहा अपनी रचनात्मकता विश्व को प्रदर्शित करने के लिए आई.सी.एस. अंतर्राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता विद्यार्थियों को एक अनोखा सुअवसर प्रदान करती है।

## प्यास बुझाने के साथ रोजगार दे रहा धारा



**संवाददाता** गरमपानी। नदी घाटी के तट बसासत के लिए हमेशा उपयुक्त रहे हैं। तमाम सभ्यताएं इसके गवाह हैं पर गरमपानी कस्बे में सर्दियों में गरम व गर्मीयों में ठंडा भूमिगत धारे को ही क्षेत्र के नाम का श्रेय मिला। इसके इर्द–गिर्द ना केवल आबादी बसी बल्कि अक्सर लोग इससे प्यास बुझाते हैं। सदियों पुराने गरमपानी मुख्य बाजार में स्थित धारा दो जिलों का संगम ही नहीं बल्कि किसी दौर में आध्यात्मिक गतिविधियों का केंद्र भी रहा। एक जमाने में चार धाम यात्रा को पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं का यह अहम पड़ाव था तो कत्यूरी वंशज चित्रशिला (रानीबाग) जाते समय स्नान तथा ध्यान लगाते थे। यह सिलसिला अब भी जारी है।

## रामनगर पहुंचे आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**संवाददाता** रामनगर। आम आदमी पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर पहली बार रामनगर पहुंचे शिशुपाल रावत का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पीरूमदारा से कार्यकर्ता उन्हें जुलूस की शक्ल में लेकर रामनगर पहुंचे। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने एकजुटता व पार्टी की मजबूती पर जोर दिया।

पौड़ी संसदीय सीट के प्रभारी शिशुपाल रावत को आम आदमी पार्टी ने प्रदेश का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। बुधवार को रावत देहरादून से रामनगर पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने पीरूमदारा में माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद कार्यकर्ता जुलूस के साथ उन्हें रामनगर पैठपड़ाव में स्वागत समारोह में लेकर पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल माला से लाद दिया। अपने संबोधन में रावत ने भाजपा व कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दोनों ही पार्टियों को विकास व पहाड़ विरोधी बताया। कहा कि आम आदमी पार्टी जनता के लिए बेहतर विकल्प है। जनता इन पार्टियों से त्रस्त हो चुकी है।

उत्तराखंड के विकास के लिए आम आदमी पार्टी के पास विजन है। इसी मकसद से आप पार्टी ने उत्तराखंड में चुनाव में उतरने का निर्णय किया है। वक्ताओं ने भी भाजपा व कांग्रेस को एक सिक्के के दो पहलू बताए।

## पेयजल योजना क्षतिग्रस्त होने से जिले में पानी में आ रही है रोजाना कमी

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**



पिथौरागढ़। जिले में आलवेदर रोड निर्माण के दौरान बोल्डर गिरने से घाट पेयजल योजना का करीब 5,005 किमी हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के कारण जिले में वर्तमान में तीन से चार एमएलडी पानी कम हो गया है। बता दें कि जिले में आए दिन पानी की कमी सामने खड़ी हो रही है।

वही ऐसे हालातों में योजना के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण जल संस्थान ने एनएच से पांच करोड की क्षतिपूर्ति की मांग की है। क्षतिग्रस्त हुर्अ योजना के लिए क्षतिपूर्ति राशि मिल जाने के बाद विभाग गुरना मंदिर से नीचे के हिस्से में पेयजल लाइन बिछाने के काम बहुत जल्द शुरू कर लेगा। वही अभी वर्तमान दौर में चटटान कटिंग का काम धरातल पर जोरों में चल रहा है। वही जब तक चटटान कटिंग का काम पूरा नही हो जाता जिले में पानी की सप्लाई में कमी आना लगातार संभव है।

बीते साल अक्टूबर 2019 से अब तक ठप पड चुकी घाट पेयजल योजना के साल 2020 के अंतिम दिसंबर तक अब पमरे होने की उम्मीद होने लगी है। वही अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो योजना के सा के अंतिम दौर में पूरे हो जाने के बाद जिले में पानी की सप्लाई में रोजाना बढोतरी होने के कयास पूरे हो पायेगे। इस बारे में जल संस्थान के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि गुरना मदिर के पास आलवेदर सेड कटिग का काम पमरा होते ही युद्व स्तर पर पेयजल योजना लाइन जोडने के लिए विभाग कमार कस लेगा। वही साल के अंतिम दिसबंर तक योजना के सुचारू होने की पूरी उम्मीद है। अब बहुज जल्द सीमांत के लोगों की उम्मीद पूरी होने के आसार बन रहे है।

### सुरक्षा जवानों की भर्ती मेलों का आयोजन 21 से 30 नवम्बर तक

**संवाददाता** रूद्रपुर। जिलाधिकारी रंजना राजगुरू के निर्देशों के क्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी आरके पन्त ने बताया कि जिले के समस्त विकास खण्डों में एसआईएस सिक्योरिटी (एसआई.इण्डिया लिमि.) देहरादून द्वारा सुरक्षा जवानों की भर्ती मेलों का आयोजन विकास खण्ड स्तर पर 21 नवम्बर 2020 से 30 नवम्बर तक किया जा रहा है। उन्होंने बताया विकास खण्डों व पंचायत क्षेत्रों के इच्छुक बेरोजगार युवक जिनकी योग्यता न्यूनतम 10वीं पास, आयु 21 से 37 वर्ष, ऊचांई न्यूनतम 168 सेमी. तथा वजन न्यूनतम 56 किग्रा. एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य होना अनिवार्य है। उन्होने बताया इच्छुक अभ्यार्थी समस्त दस्तावेजों की फोटोकॉपी, 01 पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की फोटोकॉपी के साथ पंजीयन शुल्क रु. 350/– के साथ भर्ती स्थल पर उपस्थित होंगे। उन्होने बताया चयनित अभ्यार्थियों को प्रशिक्षण देकर एसआईएस इण्डिया लिमिटेड में स्थायी नियुक्ति दी जायेगी।